भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1999
दिनांक 17 दिसंबर, 2025 / 26 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

दिल्ली पुलिस में रिक्तियां

1999 श्री प्रकाश चिक बाराईकः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली पुलिस के अंतर्गत रैंक-वार कुल संस्वीकृत कार्यबल संख्या तथा रिक्तियां कितनी हैं;

(ख) ये पद कितने समय से रिक्त हैं; और

(ग) इन रिक्तियों को भरने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): दिनांक 30.11.2025 की स्थिति के अनुसार, दिल्ली पुलिस में रैंक-वार कुल संस्वीकृत कार्यबल संख्या और रिक्तियों का ब्योरा अनुलग्नक-'क' में दिया गया है। पदों का रिक्त होना एक गतिशील प्रक्रिया है, जो अन्य बातों के साथ-साथ सेवानिवृत्ति, पदोन्नति और त्यागपत्र आदि पर निर्भर करती है, और इन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। रिक्तियों की सूचना, भर्ती करने वाली एजेंसियों को नियमित रूप से दी जाती है और भर्ती प्रक्रिया, जिसमें लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण और चिकित्सा परीक्षण शामिल हैं, के पूरा होने के बाद नियुक्तियाँ की जाती हैं।

*****

<u>अनुलग्नक- क</u>

राज्य सभा अता. प्र. सं. 1999, दिनांक 17.12.2025

दिनांक 30.11.2025 की स्थिति के अनुसार दिल्ली पुलिस में रैंक-वार कुल संस्वीकृत कार्यबल संख्या और रिक्तियां

रैंक	**कुल संस्वीकृत कार्यबल संख्या**	**रिक्तियां**
पुलिस आयुक्त	01	00
विशेष पुलिस आयुक्त	11	00
संयुक्त पुलिस आयुक्त	22	00
अपर पुलिस आयुक्त	20	00
पुलिस उपायुक्त/अपर पुलिस उपायुक्त	60	13
अपर पुलिस उपायुक्त (जेएजी) कनिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी	54	15
सहायक पुलिस आयुक्त	346	125
निरीक्षक	1,453	108
उप निरीक्षक	8,087	1,039
सहायक उप निरीक्षक	7,320	300
हेड कांस्टेबल	23,724	3,057
सिपाही	50,946	4,591
कुल	**92,044**	**9,248**

*****